प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 18.09.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल ।
- सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित समिति की सिफारिशों को किया स्वीकार।
- उज्जैन में मलखंब और जिम्नास्टिक अकादमियों का होगा निर्माण।
- अगले 24 घंटे में भिंड, मुरैना, श्योपुर और शिवपुरी में भारी बारिश की संभावना।

राष्ट्रपति दौरा–इंदौर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंची। वे इंदौर और उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू की अगवानी एवं स्वागत राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया।

श्रीमती मुर्मू ने आज अपने दौरे के पहले दिन इंदौर के मृगनयनी एम्पोरियम में अपने हुनर के लिए ख्याति अर्जित कर चुके कारीगरों से मुलाकात की। मृगनयनी मप्र सरकार का प्रमुख हैंडलूम साड़ी केंद्र हैं।

राष्ट्रपति कल उज्जैन में सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करेंगी और इंदौर–उज्जैन सिक्स लेन सड़क परियोजना का वर्चुअली भूमिपूजन करेंगी। राष्ट्रपति श्री महाकालेश्वर मंदिर भी जाएंगी। वे श्री महाकाल लोक के मूर्तिकारों से भी बातचीत करेंगी।

राष्ट्रपति इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।
मंत्रिमंडल–फैसले

केन्द्र सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया।

बाइट– अश्विनी वैष्णव, सूचना और प्रसारण मंत्री

श्री वैष्णव ने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकाय चुनाव आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे। श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चंद्रयान–4 मिशन और वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने रबी सीजन 2024–25 के लिए फास्फेट और पोटाश उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी को भी स्वीकृति दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने 79 हजार 156 करोड रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को भी स्वीकृति दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने जैव विनिर्माण और बायोफाउंड्री के नए घटकों के साथ जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान नवाचार और उद्यमिता विकास योजना को भी मंजूरी दी है।

स्वच्छ भारत

प्रदेश में भी "स्वच्छता ही सेवा अभियान" चलाया जा रहा है । इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक जन–भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने

कहा कि अभियान के दौरान लोगों को अपने व्यवहार में स्वच्छता आत्मसात करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। खंडवा, गुना,बालाघाट सहित अन्य जिलों में अभियान के दौरान कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

एनपीएस वात्सल्य

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया । भारत सरकार ने 2024 के बजट में एनपीएस वात्सल्य योजना की घोषणा की थी। जिसका आज देश में 75 स्थानों पर एक साथ शुभारंभ हुआ है। उसमें शहडोल भी शामिल है। एनपीएस वात्सल्य योजना पेंशन सिस्टम में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह नई योजना वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई है। योजना का प्रबंधन पीएफआरडीए के हाथ में होगा।

मुख्यमंत्री मलखंब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मलखंब और जिम्नास्टिक को प्रोत्साहित करने के लिए उज्जैन में अकादमियों का निर्माण किया जाएगा। आज खेल एवं युवक कल्याण की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि साहसिक खेल गतिविधियों को पर्यटन एवं वन के साथ जोड़कर स्पोर्ट्स एडवेंचर के रूप में मुख्य खेलों में शामिल करें। डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न जिलों से युवाओं का चयन कर साहसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएं। उन्होंने कहा कि महिला, किसान, युवा, गरीब को ध्यान में रखकर रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में खेल स्टेडियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि प्रत्येक स्टेडियम में एक हेलीपेड भी हो।

सीबीएसई–पंजीकरण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले 9वीं और 11वीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से आरंभ शुरू हो गया है। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तारीख 16 अक्टूबर है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय cbse.gov.in पर अपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते है। अधिसूचना में बताया गया है कि 2025–26 सत्र में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में वे सभी छात्र परीक्षा दे सकेंगे जिनका नाम और विवरण उनके स्कूलों की ओर से दाखिल करा दिया गया है। स्कूलों को छात्रों का विवरण दाखिल करने से पहले सीबीएसई पोर्टल पर खुद का भी पंजीकरण कराना होगा। सीबीएसई ने कहा है कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अनाधिकृत और असंबद्ध संस्थानों के छात्र उनकी स्कूल में नियमित कक्षाओं में भाग नहीं ले रहे हैं। बोर्ड ने यह भी कहा है कि छात्रों को सीबीएसई के अलावा किसी अन्य बोर्ड में पंजीकृत नहीं करवाया जा सकता।

मौसम

प्रदेश में लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ की वजह से बारिश का सिलसिला जारी है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में एक्टिव हुआ स्ट्रॉन्ग सिस्टम अब आगे बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भिंड, मुरैना, श्योपुर और शिवपुरी में तेज बारिश की संभावना जताई है। जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर सहित अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज–चमक की स्थिति बनी रह सकती है। कल प्रदेश के 24 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। रीवा में सबसे ज्यादा 4 इंच बारिश हुई।

इसरो

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक डॉ. उन्नीकृष्णन नायर ने आज कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन भेजने की तैयारी कर रहा है। बेंगलुरू में आयोजित आठवीं बेंगलुरू स्पेस एक्सपो से अलग संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि मानवरहित मिशन का ऑर्बिटल मॉड्यूल बनकर तैयार है और इसे जल्दी ही श्रीहरिकोटा ले जाया जाएगा। पहला गगनयान मिशन इस वर्ष के अंत में भेजा जाएगा।

विद्युत देयक

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 126 के अंतर्गत बनाए गए प्रकरणों में जारी किए गए अंतिम/अनंतिम देयकों के भुगतान 30 दिवस के भीतर नहीं करने पर जारी किए गए देयकों की राशि पर प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि ब्याज 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा कल सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे।
- अशोकनगर जिले में रात्रि कालीन किसान संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। ग्राम महाना में आयोजित संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत तकनीकी और विभिन्न फसलों की किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
- अनूपपुर के अमरकंटक में आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान मैराथन रन का आयेजन किया गया।
- खरगोन जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कल शासकीय आई.टी.आई. कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- नीमच स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नीमच में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन कल से किया जा रहा है।
- ग्वालियर जिले में इस साल 1094.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष में हुई इस अवधि की औसत वर्षा से लगभग 496.7 मिमी. अधिक है।

....................